प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने की शिष्टाचार मुलाकात, विकास योजनाओं पर की चर्चा।

2. राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर रांची में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, नो फ्लाइ जोन घोषित, ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव, परीक्षार्थियों के लिए दिशा–निर्देश जारी।

3. सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा आज से, रांची में बनाये गये 24 परीक्षा केन्द्र, 31 हजार से ज्यादा विद्यार्थी होंगे शामिल।

4. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक को किया संबोधित, बैंकों को केसीसी ऋण पर ब्याज दर घटाने को कहा।
5. ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का समापन समारोह आज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे शामिल, विजेताओं को करेंगे सम्मानित।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर रांची में हैं। वे आज बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। बीआईटी मेसरा पहुंचने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबसे पहले जीपी बिड़ला ऑडिटोरियम में रिसर्च एग्जीबिशन कम डिसप्ले का उद्घाटन करेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति स्मारक पदक जारी करेंगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर रांची में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं।

*******************

इससे पहले राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर राष्ट्रपति के साथ विस्तृत चर्चा की। इस क्रम में राज्यपाल ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

*******************

इस बीच रांची के ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने कहा है कि राष्ट्रपति के रांची प्रवास के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था में कई बदलाव किये गये हैं। ऐसे में उन्होंने एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों और मैट्रिक एवं इंटर के परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

*******************

सीबीएसई 10वीं और 12वीं परीक्षा आज से शुरु हो रही है। 10वीं की परीक्षा 18 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा चार अप्रैल तक चलेंगी। दोनों परीक्षाएं एक पाली में होंगी। सीबीएसई के सिटी को–आर्डिनेटर परमजीत कौर ने कहा कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि रांची जोन में दोनों परीक्षाओं में कुल 31 हजार पांच सौ इकसठ विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके लिए 24 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। बोर्ड ने परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड धारकों से लिए जाने वाली ब्याज दर को कम करने को कहा है। रांची में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की 90वीं बैठक को संबोधित करते हुए श्री किशोर ने कहा कि वर्तमान में केसीसी ऋण पर ब्याज दर सात प्रतिशत है, जो किसानों के लिए चुनौती है। उन्होंने बैंकों को सीडी रेसियो बढ़ाने की सलाह दी।

मौके पर मौजूद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता में सुधार लाने पर जोर दिया। उन्होंने वित्तीय समावेशन से दूर रहने वाले क्षेत्रों में बैंको की शाखाएं खोलने का भी सुझाव दिया।

*******************

पूर्व आईएएस अधिकारी के. राजू को झारखंड कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। वे गुलाम अहमद मीर की जगह लेंगे। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी है। कांग्रेस ने झारखंड समेत नौ राज्यों के प्रदेश प्रभारी बदले हैं।

*******************

नई दिल्ली में आयोजित हो रहे पैन इंडिया आईआईटी हैकाथन ऑफ फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्रीज में आईआईटी आईएसएम धनबाद ने पहला पुरस्कार जीता है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का आज समापन होगा। रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विजेताओं को सम्मानित करेंगे और पुलिस का हौसला बढ़ायेंगे।

*******************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राष्ट्रपति के रांची दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– बीआईटी मेसरा में एक घंटा रहेंगी राष्ट्रपति, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बदली, नो फ्लाई जोन घोषित।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– राष्ट्रपति पहुंची रांची, सुरक्षा सख्त।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– के. राजू बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नये प्रभारी, मीर का लेंगे स्थान।

दैनिक जागरण लिखता है– ठाकुरगांव से व्यवसायी का अपहरण, भाग कर पहुंचे धनबाद।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने मोदी और ट्रंप की मुलाकात की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*******************